**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 19.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना अतर्रा में की गई पीस कमेटी बैठक।**
- ❖ **सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में की गयी वार्ता। साथ ही लिये गये सभी के सुझाव।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना अतर्रा में उपजिलाधिकारी अतर्रा श्री राहुल द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव द्वारा की गयी शान्ति समिति बैठक। सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों आदि से वार्ता कर आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, भाईदूज आदि को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी साथ ही सभी के सुझाव लिये गये। बैठक में क्षेत्र के धर्म गुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ वार्ता कर भाईचारा व साम्प्रदायिक सौहार्द व कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देंं व आसमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने एवं तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गयी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्री पीयूष पाण्डेय, निरीक्षक श्री ऋषिदेव सिंह सहित क्षेत्र के सभी धर्मगुरु, सम्भ्रान्त व्यक्ति आदि मौजूद रहे।